# कलेक्टर सिन्हा ने अमृत सरोवर का किया निरीक्षण, राम झरना को मेन्टेन करने के दिए निर्देश

- खेतों में पहुंचे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, खेती किसानी का जाना हाल
- स्कूल मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का रखे विशेष ध्यान
- गोठान पहुंचे कलेक्टर सिन्हा, गतिविधियों की ली जानकारी



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा अपने विकासखंड खरसिया के दौरे के दौरान ग्राम-फरकानारा पहुंचते ही गाड़ी से उतरकर बारिश में भीगते मेढ़ के सहारे खेत में कार्य कर रहे किसानों और महिलाओं तक पहुंचे। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ी बोली में खेती-किसानी पर लंबी चर्चा की। कलेक्टर सिन्हा ने बात करते हुए पूछा का करत हो सियानिन, कतेक खेती-किसानी हे पूछने पर, लच्छनमती ने बताया की निदई करत हन, नई जानों एकड़ में फेर बने धान हो जाथे। कलेक्टर सिन्हा ने पूछा कि आगु साल कतेक धान बेचे रेहे, उन्होंने बताया कि पंजीयन नई रिहीस, ये साल पंजीयन करवाहु ता बेचहु। कलेक्टर सिन्हा कहिस धान के नुकसान होही ता घलो सरकार मुआवजा देही, चिंता झन कर। इस दौरान खेत में मौजूद कृषक गोपाल सिंह से भी चर्चा की। उन्होंने राजस्व आधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल नुकसान की स्थिति में प्रकरण भी बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिन्हा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किए जा रहे स्कूल मरम्मत के कार्यो के तहत जोबी स्थित कन्या स्कूल का निरीक्षण किया। ठेकेदार ने बताया कि छत का कार्य किया जा चुका है, एक दो दिन में टाइल्स का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने कार्यो में तेजी लाने के साथ ही पेंटिग, सीढ़ी, ग्रील एवं शौचालय के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर सिन्हा गोरपार स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल पहुंचे। वहां उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि स्कूल में सीपेज की समस्या नहीं आनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की जानकारी ली। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल में पर्याप्त शिक्षक हैं। मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा पेयजल, टायलेट समस्या की जानकारी देने पर कलेक्टर सिन्हा ने ठेकेदार को पेयजल व्यवस्था एवं टायलेट निर्माण कार्य अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए, ताकि स्कूली बच्चों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

इसी क्रम में कलेक्टर सिन्हा शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम खम्हार पहुंचे। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण कर बच्चों से चर्चा की। कलेक्टर सिन्हा ने कमरों को हवादार एवं खिड़कियों में नेट लगाने के निर्देश आश्रम अधीक्षिका को दिए। उन्होने बच्चों से पढ़ाई की जानकारी ली एवं शिक्षकों को बेहतर पढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र फरकानारा पहुंचे। वहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ द्वारा बताया गया कि यहां चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या करायी जा रही है।

इस मौके पर एसडीएम खरसिया रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, जनपद सीईओ खरसिया हिमांशु साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गोठान पहुंचे कलेक्टर सिन्हा, समूह की महिलाओं से की चर्चा-** कलेक्टर सिन्हा आदर्श गोठान जोबी पहुंचे। यहां उन्होंने महिलाओं से गोठान में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। महिलाओं द्वारा बताया कि गोठान में गोबर, मुर्गी पालन, हल्दी, मूंगफल्ली एवं मशरूम की गतिविधि संचालित हो रही हैं। कलेक्टर सिन्हा द्वारा गोठान में संचालित गतिविधियों से होने वाले आय के संबंध में पूछे जाने पर समूह की महिलाओं ने बताया कि लगभग 5 लाख का गोबर खाद विक्रय किया जा चुका हैं। इसी प्रकार चरवाहों ने बताया कि उन्होंने गोबर बेच कर लगभग 15-15 हजार रूपए प्राप्त कर चुके हैं। कलेक्टर सिन्हा ने सभी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रेशम धागाकरण गतिविधि को पुन: प्रारंभ करने एवं गोठान से लगे तालाब में मछली पालन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

**अमृत सरोवर से भू-जल स्तर में होगा सुधार, रामझरना को करें व्यवस्थित-** कलेक्टर सिन्हा ने ग्राम पंचायत गुरदा में बने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सरपंच बिसम्बर सिंह राठिया ने बताया कि अमृत सरोवर बनाने से तालाब बेहतर हो चुका हैंए इसके किनारे में वृक्षारोपण किया जा रहा हैं। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने सरपंच से जल जीवन मिशन की जानकारी ली। सरपंच राठिया ने बताया कि गांव में लगभग 250 घरों में नल कनेक्शन दिया गया है एवं नियमित रूप से पानी आ रहा हैं। दौरे के दौरान कलेक्टर सिन्हा रामझरना पहुंचे, वहां उन्होंने आवश्यक मरम्मत एवं देखभाल के लिए गार्ड रखने के लिए निर्देशित किया ताकि रख-रखाव बेहतर हो सके।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पद्म पुरस्कार के लिए जांच समिति गठित

**रायगढ़।** गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री)हेतु आमंत्रित नामांकन की उपयुक्तता जांच तथा योग्य/पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने हेतु अधिकारियों की जांच समिति गठित की गई है। गठित समिति में अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह गठित समिति में संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ तथा उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ को सदस्य बनाया गया है।

### जिले में 699 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 17 अगस्त तक 699 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 633.2 मिली मीटर, पुसौर में 731.3, खरसिया में 457.2, घरघोड़ा में 575.3, तमनार में 676.7, लैलूंगा में 717.3, मुकडेगा में 814.4, धरमजयगढ़ में 845.7, छाल में 619.5 एवं कापू में 918.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के इच्छुक अभ्यर्थी अंतिम तिथि 29 अगस्त तक कर सकते है ऑनलाईन आवेदन जमा

**रायगढ़।** राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी जो वर्ष 2023-24 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करना चाहते है, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 29 अगस्त 2023 तक वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अथवा https://hmstribal.cg.gov.in में ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 50 अभ्यर्थी जिसमें प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित है। जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करना चाहते है। ऐसे पात्र अभ्यर्थियों से आनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।

### राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग में हुई मासिक समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के आरोग्यम सभा कक्ष में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें आई.एम.आई की तैयारी के विषय में जानकारी लेकर हर एक बिंदु में गहनात्मक समीक्षा की गई। इसी तरह संस्थागत प्रसव में हाईरिस्क वाली गर्भवती माताओ के एएनसी जाँच को बेहतर सुविधाएं प्रदाय करने एवं कार्य में प्रगति लाने लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। बरसात मौसम में जहरीले कीट,जीव जंतु जैसे स्नेक बाईट से बचाव हेतु प्रशिक्षण कराने व लोगो में जागरूकता हेतु आईसी प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी जी. कुलवेदी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु प्रताप पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा व राष्ट्रीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, बीई.टी.ओ, बी.डी.एम उपस्थित रहे।

# कैरियर गाईडेंस सेमीनार : नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर छात्रों को देंगी मार्गदर्शन

- आज जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस सेशन

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार 18 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे से जिले में पदस्थ नायब तहसीलदार रायगढ़ तृप्ति चंद्राकर छात्रों को मार्गदर्शन देंगी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके।

# जनपद पंचायत सारंगढ़ में 18 और 19 अगस्त को प्लेसमेंट कैंप

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत सारंगढ़ में 17 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैंप शुरू किया गया है। इच्छुक युवा इस कैंप में शामिल हो रहे हैं। यह कैम्प 18 और 19 अगस्त तक जनपद पंचायत सारंगढ़ में जारी रहेगा। भर्ती में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दसवी बारहवी अंकसूची की फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट फोटो लाना होगा। इस कैंप में 35 वर्ष तक के महिला पुरुष सभी भाग ले सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प से चयनित युवक युवती को अस्पताल, कार्यालय आदि में सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी दी जाएगी।

# ग्राम बहिरकेला में मारपीट मामले के 4 आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से धारदार हथियार और दो बाइक जब्त

- घरघोड़ा पुलिस ने आरोपियों को हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने कल शाम ग्राम बहिरकेला में दो युवकों से बेवजह झगड़ा विवाद कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले घरघोड़ा क्षेत्र के 4 आदतन बदमाशों को घटना के तुरंत बाद धरपकड़ की कार्यवाही कर हिरासत में लिया गया है जिन्हें हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल आहत विकास राठिया को उसके परिजन ईलाज के लिये जिंदल अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया है।

घटना को लेकर कल दिनांक 16.08.2023 को ग्राम आमापाली के रहने वाले टंकेश्वर राठिया (उम्र 42 वर्ष) द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 16.08.2023 के शाम अपने चचेरे भाई विकास राठिया के साथ मजदूर खोजने के ग्राम नवागढ़ की ओर गया था, वापस घर आते समय रास्ते में शाम करीब 07.15 बजे ग्राम बहिरकेला माता मंदिर के पास चौंक में खड़े थे, उसी समय घरघोड़ा के विकास सारथी, रूपेश बघेल, प्रिंस निवासी घरघोड़ा एवं अन्य साथी बाईक से गुजरे जो रूककर "तुम लोग हम लोगों को गाली दे रहे हो" कहकर एक राय होकर दोनों से मारपीट करते हुये अपने पास रखे धारदार वस्तु से जान से मारने की नियत से विकास राठिया के पेट में वार कर दिये। घटना के रिपोर्ट पर आरोपियों पर हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक शरद चंद्रा द्वारा तत्काल अपने सक्रिय मुखबीरों को घटना के बाद से फरार हुये बदमाशों की पतासाजी के लिये लगाये और पुलिस टीम तैयार कर मुखबिरों की सूचनाओं पर दबिश दिया गया। पुलिस की तत्परता से महज चंद घंटों के भीतर आरोपी विकास सारथी को हिरासत में लिया गया जिससे अहम जानकारी प्राप्त कर फरार होने की कोशिश कर रहे अन्य बदमाशों को घेराबंदी कर धर दबोचा गया, आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो धारदार हथियार एवं दो पल्सर बाइक को जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# मतदान सहभागिता बढ़ाने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की लगातार फील्ड निरीक्षण कर कलेक्टर सिन्हा कर रहे समीक्षा : मतदाताओं से की चर्चा, मतदान की दिलाई शपथ

- खरसिया ब्लॉक के कम मतदान प्रतिशत वाले केंद्रों के दौरे पर रहे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने चलेगा विशेष अभियान, कलेक्टर सिन्हा ने दिए निर्देश
- मतदान केंद्रों में तैयारियों का लिया जायजा, सुविधाओं को लेकर दिए दिशा निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज खरसिया ब्लॉक के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों का विशेष रूप से निरीक्षण किया और स्थानीय मतदाताओं से चर्चा कर उन्हें मतदान में सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण कर वहां की तैयारियों का जायजा लिया और मतदाताओं के लिए तैयार की गई सुविधाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा खरसिया के डोमनारा के निरीक्षण पर रहे। यहां उन्होंने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। कलेक्टर सिन्हा ने यहां लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि पिछले निर्वाचन में इस मतदान केंद्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा था। समीक्षा करने पर जिसका प्रमुख कारण यह रहा कि जो लोग यहां से शिफ्ट हो गए हैं उनका नाम विलोपन नही किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने उपस्थित लोगों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार बीते 02 अगस्त से मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है जो अगले 31 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क कर नए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के साथ ही, यहां स्थाई रूप से जा चुके मतदाताओं के नाम विलोपित किए जा रहे हैं। उन्होंने नए मतदाताओं से नाम जुड़वाने की अपील की। इसके साथ ही बूथ लेवल ऑफिसर को पंचनामा तैयार करने और संबंधित को नोटिस जारी कर उसके अंतिम ज्ञात पते पर सूचना देने के बाद ही नाम नाम विलोपन के निर्देश दिए।

डोमनारा में औद्योगिक यूनिट में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी रहते हैं। इसको देखते हुए उन्होंने संबंधित उद्योग प्रबंधन को निर्देशित किया कि मतदान के दिन यूनिट के सभी मतदाताओं को वोट डालने के लिए अवकाश प्रदान करें। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं और महिलाओं को मतदान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की बात कही। साथ ही बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ईवीएम और वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिससे मतदाता वोटिंग की प्रक्रिया को समझ सकें।

इस दौरान एसडीएम खरसिया रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, तहसीलदार खरसिया शिवकुमार डनसेना, नायब तहसीलदार सुश्री दिव्या वैद्य, जनपद सीईओ खरसिया हिमांशु साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने चलेगा विशेष अभियान**

कलेक्टर सिन्हा ने खरसिया के शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले केंद्रों की समीक्षा की। इन केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर ने बताया कि पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत तो अच्छा है, लेकिन महिलाओं की सहभागिता कम है। कलेक्टर सिन्हा ने इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर को घर-घर जाकर मतदाताओं को वेरिफाई करने और नए मतदाताओं के नाम जोडऩे और सूची में दर्ज ऐसे मतदाता जो स्थाई रूप से यहां से जा चुके हैं उनके नाम प्रक्रिया अनुसार विलोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मताधिकार का उपयोग करना सभी की जिम्मेदारी है।

# प्राचार्य संग जोबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सेवन किया एलबेंडाजोल की गोली



**रायगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के विद्यार्र्थियों ने स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूली प्राचार्य के साथ सामूहिक रूप से एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन किया। यह सिर्फ उनके अपने स्वास्थ्य की देखभाल के प्रति जिम्मेदारी को दिखाता है, बल्कि उनके सामाजिक जागरूकता और सहयोग के प्रति भी उन्मुखीकरण को दर्शाता है। नि:संदेह जोबी कॉलेज के इस कदम ने परिसर में एक सकारात्मक वातावरण पैदा किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से आए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खम्हार के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भूपेंद्र राठिया व सुपरवाइजर रामावतार पटेल सहित प्राचार्य थवाईत के साथ सहायक प्राध्यापक वासुदेव प्रसाद पटेल, सत्य पाल दर्शन, राठिया और ज्ञानमणि एक्का, अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर, रितेश राठौर एवं मुख्य लिपिक पी.एल.अनंत, प्रयोगशाला तकनीशियन पी.एस.सिदार, एल.आर.लास्कर व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएमएचओ ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 52 अधिकारी-कर्मचारियों को किया सम्मानित



रायगढ़। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधूलिका सिंह ठाकुर के द्वारा स्थानीय कार्यालय के आरोग्यम सभा कक्ष में सभी पदीय कत्तव्यों का उत्कृष्ट कार्य संपादन हेतु जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु प्रताप पटेल, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. लखन लाल पटेल, डॉ अभिषेक पटेल, जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.काकोली पटनायक, डॉ पूजा अग्रवाल, डॉ. प्रकाश चेतवानी, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. मनीष नायक, जेम्स वर्गीस, श्यामलाल यादव, बजरंग सिंह नायक, स्थानीय कार्यालय से हरदेव सिंह राजपूत, आलोक सिंह फ्रांसिस, अरूण वर्मा, कुंदन सिंह ठाकुर, संजय राठिया, रश्मि खलखो, बीरबल दिवाकर, अतीश तिग्गा, गब्बर जोशी, पकंज मिश्रा, सीमा बरेठ, दिनेष यादव, आर.एम.ए, आर.एच.ओ-4, सी.एच.ओ-1, स्टाफ नर्स-2 चतुर्थ वर्ग-4,वाहन चालक-3,भृत्य-3, सचिव सहायक-1 जिला मुख्यालय से इस प्रकार से 52 अधिकारियों/कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

# सड़कों पर अब भी दिख रहे आवारा पशु, कार्यवाई में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

समय-सीमा की बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु स्थानीय स्तर पर कैम्प लगाने के दिए निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बुधवार 16 अगस्त को जिला स्तर के अधिकारियों की समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा की। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भी सड़कों पर विचरण करते आवारा पशुओं के जमावड़े पर कलेक्टर ने तल्ख होते हुए नगरपालिका परिषद, नगर पंचायतों के सीएमओ और उप संचालक पशुपालन को सख्त निर्देश दिए कि वे इसे गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करें, इसमें ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट तौर पर कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों के क्रियान्वयन में विभाग प्रमुख गम्भीरता दिखाएं। राजस्व विभाग द्वारा की जा रही गिरदावरी की जानकारी उन्होंने ली और राजस्व निरीक्षक मण्डलवार शेड्यूलिंग कर समय-सीमा में कार्य पूरा करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह नामांतरण, बी-वन, जाति प्रमाण-पत्र, फौती जैसे कामों के लिए स्थानीय स्तर पर कैम्प आयोजित कर लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण करने के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गोबर से खाद निर्माण और उसके उठाव की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए



मैदानी स्तर के कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया। आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत करते हुए बैठक में कलेक्टर ने आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी होने के पूर्व सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों सतत् सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभागवार एवं योजनावार कार्य-प्रगति की समीक्षा करते हुए माहांत तक लम्बित प्रकरणों का निबटारा गुणवत्तापूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा व डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सभाकक्ष में मौजूद थे।

## नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए स्कूलों-कॉलेजों में आज होगा शिविर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों में 18 अगस्त शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया है। नये मतदाताओं को मतदान देने और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए, फार्म 6 भरा जाएगा। इस शिविर में गांव और शहर के सभी 18 वर्ष के नये मतदाता और कोई ऐसे मतदाता भी जिनका नाम मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) में अब तक नहीं जुड़ पाया है, वो भी फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना जुड़वा सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480